संक्षिप्त

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

श्रीमाधोपुर । कस्बे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया ।15 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम श्री अनिल कुमार ,एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नव मतदाताओं को शपथ दिलाई गई । विभिन्न निर्वाचन से संबंधित ऐप के बारे में बताया। जिसमें निर्वाचन शाखा से बिजेंद्र सिंह कुड़ी,रतन लाल सैनी,सरिता,गोपाल सिंह मौजूद रहे साथ ही एस एस आर 2025 के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ एवं नव मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

यादव बने एसोसिएशन के अध्यक्ष

नारायणपुर। कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित राधा-कृष्ण व्यापार एसोसिएशन का शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रभारी राजकुमार अलक्खा और हेमंत यादव की देखरेख में सर्वसम्मति से मदन यादव को व्यापार मंडल का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सुनील खेडा को संरक्षक, डॉ. सचिन यादव को कोषाध्यक्ष और रामनिवास सैनी को सचिव नियुक्त किया गया। चुनाव प्रभारी ने बताया कि यह कार्यकाल एक वर्ष का होगा। इस दौरान दुकानदारों ने नई टीम से व्यापारियों के हित में बेहतर कार्य करने की उम्मीद जताई। अध्यक्ष मदन यादव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर मोनू शर्मा, मुरारी मीणा, गोपाल, राजू ठेकला, प्रताप प्रजापत, गिर्राज, मोहन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव मनाया

नारायणपुर। ग्राम पंचायत अजबपुरा में स्थित राउमावि में शनिवार को वार्षिकोत्सव, प्रतिभावान, भामाशाह सम्मान एवं पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच प्रियंका नरुका, पूर्व प्रधानाचार्य भंवर सिंह नरुका और संस्था प्रधान सुनील कुमार यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कलशयात्रा आज

निवाई। गांव हिंगोटिया में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। रघुनाथ महाराज मंदिर समिति के अध्यक्ष व पूर्व सरपंच सूरजकिरण तिवाडी ने बताया कि हिंगोटिया में पंडित गिरिराजप्रसाद शर्मा के सानिध्य में 26 जनवरी से श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ किया जाएगा जिसमें 121 महिलाएं कलश धारण करेंगी। बालाजी के मंदिर से कलशयात्रा पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल श्री सीताराम जी के मंदिर में पहुंचेगी जहां पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ कलशों की स्थापना की जाएगी।

भजन संध्या में झूम उठे श्रद्धालु

चाकसू। श्री श्याम निशान संघ परिवार चाकसू के तत्वाधान में कृषि मंडी चाकसू में शुक्रवार रात्रि को श्री श्याम गुणगान भजन संध्या महोत्सव का आयोजन हुआ।मुख्य अतिथि राम सिंह चौहान ट्रस्टी एवं विजेंद्र सिंह चौहान मंत्री श्री श्याम मंदिर कमेटी रींगस श्यामजी रहे। अमित बाहेती एडवोकेट ने बताया कि संजय गुप्ता, श्याम खंडेलवाल (बापू गांव वाले) ने आरती करके कार्यक्रम की शुरुआत की। भजन संध्या में भजन प्रवाहक प्रेम शर्मा लक्ष्मणगढ़, महेश परमार जयपुर, चंचल भाटी बूंदी, दीपक जांगिड़, श्रेष्ठ सोनी और बनवारी जाट चाकसू, कमलेश राव के भजनों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

एसडीएम बृजेश कुमार राज्य स्तर पर सम्मानित

कोटपूतली। 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शनिवार को राजधानी जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सैन्टर में राज्यपाल एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा कोटपूतली एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि एसडीएम बृजेश कुमार को विभाग द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदण्डों, विभिन्न मानकों के आधार पर निर्वाचन सम्बंधी समस्त कार्य पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ सम्पन्न करवाये जाने पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया।

दुनिया का मंत्र है, जो हिट है वहीं फीट है : भूपेंद्र यादव

- किशनगढ़ बास के बीबीरानी में भूपेंद्र यादव ने मैराथन दौड़ को दिखाई हरी झंडी,
- भूपेंद्र यादव ने स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया लोकार्पण, कॉलेज में खेल स्टेडियम का किया शिलान्यास

किशनगढ़ बास। खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम उपखंड के गांव बीबीरानी में अलवर सांसद खेल उत्सव कार्यक्रम के तहत मिनी मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव का किशनगढ़ बास पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया।

बाद में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व मंत्री हेम सिंह भड़ाना, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, संजय नरूका सहित भाजपा नेता खुली जीप में सवार होकर ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों की ओर से मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा नेताओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी साझा की और खैरथल को जिला यथावत रखने और जिले को इआरसीपी योजना से जोडऩे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। मंत्री यादव ने कहा कि दुनिया का मंत्र है जो हिट है वही फिट है।

उन्होने खासकर युवाओं से कहा की आने वाले समय में आप को 40-50 सालों तक जीवन जीने के साथ ही कार्य करने है। अभी से अपने आप को फिट रखने से ही लंबे समय तक जीवन का सफर तय कर पायेगें। उन्हाने ने कहा कि 7, 8 व 9 फरवरी को हमने अलवर में खेल उत्सव का आयोजन किया जाना तय है। उन्होने कहा की 9 फरवरी को सबसे बड़ी प्रतियोगिता मैराथीन की रखी गई है। जिसमें चार वर्गो में 18 से 29, 29 से 39, 39 से 50 तथा 50 से 60 वर्ष के लोगो की दौड करायी जायेगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को दो लाख रूपये की राशि से पुरूष्कृत किया जायेगा।

अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मंत्री भूपेंद्र यादव ने बीबीरानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का लोकार्पण कर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया। कॉलेज में खेल स्टेडियम का शिलान्यास कर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का कदम उठाया। ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र के लोगों की और से पूर्व विधायक रामहेत यादव की और से रखी गई मांग पर जिला कलेक्टर को राज्य सरकार के पास नगर पालिका निर्माण के लिए प्रस्ताव भिजवाने के लिए कहा गया।

बीबीरानी से करवड होते हुए तिजारा तक 10 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की घोषणा की। साथ ही खेल मैदान को आधुनिक और सुंदर स्टेडियम के रूप में विकसित करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर किशोर कुमार एसपी मनीष चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व जन प्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी व हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन

फुलेरा । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत त्योदा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन प्रधानाध्यापक छोटूराम रैगर की अध्यक्षता एवं सरपंच हरदेव जैवल्या के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया।

इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान भामाशाह एवं रा.उ.मा.विद्यालय जैतपुरा के अध्यापक छीतरमल ठोलिया की ओर से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्वेटर और मिठाई वितरण की गई। इसके चलते विद्यालय परिवार ने संयुक्त रूप से भामाशाह ठोलिया का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन ओमप्रकाश जाट के द्वारा किया गया।

विधायक धनकड़ ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान भाजपा पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी ने बताया कि विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम पंचायत बागावास अहिरान में शमशान घाट मोक्षधाम पर चारदीवारी में टीन सेड का शिलान्यास विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व सरपंच मिन्तरा यादव की अध्यक्षता एवं जिला पार्षद विमला यादव, पंचायत समिति सदस्य मन्तेश मीणा , बूथ अध्यक्ष रामकिशोर जांगिड, कुलदीप मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। वहीं ओम मार्किट बीलवाडी में सड़क उद्घाटन कार्यक्रम, बंजारा बस्ती बीलवाडी में सड़क उद्घाटन कार्यक्रम, पीएचसी बीलवाडी चारदिवारी लोकार्पण कार्यक्रम, मेड रोड से ख़ुटला की ढाणी बीलवाडी में सड़क उद्घाटन कार्यक्रम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी मालियों की कक्षा कक्ष का शिलान्यास सहित विकास कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागावास अहिरान, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय विराटनगर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीलवाडी में वार्षिकोत्सव समारोह में शिरकत की।

विभिन्न विद्यालयों में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विधायक धनकड ने विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता और विकास को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर है, बल्कि यह शिक्षा के महत्व को भी उजागर करता है। शिक्षा केवल ज्ञान का संचय नहीं, बल्कि यह समाज के विकास और समृद्धि का मार्ग है। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

लेकिन हम सबको एकजुट होकर आपसी मतभेद को दूर करने की जरूरत है। मेरे द्वारा क्षेत्र में अनेको विकास कार्यों की सौगात हर ग्राम पंचायत वार दी गईं है। साथ ही आगे भी क्षेत्र के विकास कार्यों में हर सम्भव प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व विद्यालय परिवार द्वारा माला व साफा पहनाकर विधायक धनकड का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इन्द्र-इन्द्राणियों ने किया भक्ति नृत्य

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान के चलते श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पर अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में सोधर्म इंद्र अशोक कुमार, राकेश कुमार, मनीष, अंकित डारडा, कुबेर इंद्र पदमचंद, दिनेश, सुनील पीपलू, पादपक्षालन करने का सौभाग्य महावीर प्रसाद, पारस, दिनेश, जैकी सर्राफ एवं जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य, विमल कुमार, कैलाश देवी बरवाड़ा को मिला। इन्द्र बनने का सौभाग्य दिनेश सर्राफ, विमल भाणजा, विमल बरवाड़ा, नेमीचंद पाटनी, चेतन गिन्दोडी, पदम बनेठा, श्रीकांत जयपुर, हेमराज चंवरिया, पारस चैनपुरा, मोहन सवाईमाधोपुर, जैन सखी संगठन सहित सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने महामण्डप पर 1040 श्रीफल अघ्र्य समर्पित किए।

नकबजनी की घटना में तीन आरोपी गिरफ्तार

- मकान में घुसकर जेवरात व नगद रूपये चोरी कर ले जाने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार

श्रीमाधोपुर । उच्चाधिकारियों का निर्देशन व पर्यवेक्षण महानिरीक्षक पुलिस रेंज जयपुर रेन्ज जयपुर अजयपाल लाम्बा, पुलिस अधीक्षक सीकर भुवन भूषण यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना गिरधारी लाल शर्मा आरपीएस व उमेश गुप्ता आर.पी.एस वृत्ताधिकारी वृत अजीतगढ के निर्देशानुसार में श्रीमाधोपुर थानाधिकारी विजय सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में सम्पति संबन्धी अपराधों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत थाना श्रीमाधोपुर में 5 दिन पूर्व रात्री के समय सूने मकान से सोने चान्दी के जेवरात व नगद रूपये चोरी कर ले जाने वाले अज्ञात आरोपीगण की तलाश कर आरोपीगण विपिन भदौरिया, राहुल जाटव व करन जैन को गिरफतार किया गया। विदित थे कि गत 20 जनवरी को परिवादी राहुल रोलानियां पुत्र महेन्द्र रोलानियां निवासी बामरडा जोहडा पुलिस थाना अजीतगढ़ हाल वार्ड न. 16 तपोवन विहार कालोनी सीकर बाजार श्रीमाधोपुर ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि 19 जनवरी की रात्री को उसके मकान का मुख्य दरवाजे का ताला तोडकर अज्ञात चोर सोने चान्दी के जेवरात व नगदी रूपये चोरी करके ले गये। दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा नम्बर 23/2025 धारा 305 (ए), 331 (4) भारतीय न्याय संहिता 2023 में दर्ज कर अनुसंधान शुरू की गई। करीबन 60 सीसीटीवी फुटेज देखे गये व तकनिकी साक्ष्यों से आरोपीगण की तलाश के भरसक प्रयास किये जाकर आरोपीगण की पहचान कर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश से मुल्जिमान को दबिश देकर दस्तयाब कर बाद अनुसंधान 24 जनवरी को देर शाम को गिरफ्तार किया गया। मुलजिमों को शनिवार 25 जनवरी को माननीय न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड पर लिया गया है। गठित टीम में विजय सिंह पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना श्रीमाधोपुर, श्रीराम हैड कानि. 70 पुलिस थाना श्रीमाधोपुर, राजवीर सिंह कानि न. 375 पुलिस थाना श्रीमाधोपुर, सुभाष कानि न. 1348 पुलिस थाना श्रीमाधोपुर,मनोज कुमार कानि न. 1322 पुलिस थाना श्रीमाधोपुर व राकेश कुमार कानि न. 1393 साईबर सैल जिला सीकर शामिल थे।

ग्यारहवां पाटोत्सव होगा धूमधाम से

निवाई। श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में इंद्रा कोलोनी में स्थित श्याम मन्दिर का ग्यारहवां पाटोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। पाटोत्सव के आयोजन को लेकर शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में संरक्षक व नगर पालिका एवं श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी की अध्यक्षता में साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें पाटोत्सव के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गइ। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि श्याम मन्दिर का दो दिवशीय ग्यारहवां पाटोत्सव 19 एवं 02 फरवरी को मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 19 को भव्य निशान यात्रा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा व 20 को अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष राजू खंडेलवाल, मंत्री दीनदयाल शर्मा, शशि टोडवाल, पुरषोत्तम शर्मा, विनोद तिवाडी, भंवर जायसवाल, रामचरण विजय, सर्वेश द्विवेदी, नरोत्तम अग्रवाल, अजय जैन, मुरारी अग्रवाल, रवि पारीक, मोहित अग्रवाल, मनीष साहू, जगदीश शर्मा, हीरू सिंधी, विश्वास पारीक व राकेश सैन सहित श्याम मित्र के कई सदस्य एवं श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

- एडीएम ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा
- कलेक्टर ने समारोह की तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

कोटपूतली-बहरोड़। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, कोटपूतली के खेल मैदान में 26 जनवरी, रविवार को प्रात: 9 बजे से किया जाएगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ सहित समस्त राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समारोह की तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि ध्वजारोहण के उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण और मार्च पास्ट, महामहिम राज्यपाल महोदय का संदेश वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्धबोधन, पीटी प्रदर्शन, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन, पुरूस्कार वितरण व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को सायं 5 बजे से राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली में जिले के विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शनिवार को गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय कोटपूतली में आयोजन स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. उन्होंने आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल, झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच सहित अन्य व्यवस्थाएं पुख्ता करने के निर्देश दिए. इस दौरान नगर परिषद एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश कुमार सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

यूडीएच मंत्री ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

- यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने श्यामसिंह वाली कुंभा वाली तक , ब्रह्मचारी मोड़ और ब्रह्मचारी मोड़ से कोटड़ी तक बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया

श्रीमाधोपुर। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने श्रीमाधोपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने श्यामसिंह वाली कुंभा वाली तक , ब्रह्मचारी मोड़ और ब्रह्मचारी मोड़ से कोटड़ी तक बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। ग्रामीण इलाकों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री खर्रा का भव्य स्वागत हुआ।श्यामसिंह वाली गांव में मंत्री खर्रा पारंपरिक घोड़ी पर सवार होकर शिलान्यास स्थल पहुंचे, जहां डीजे की धुनों और फूलों की वर्षा के साथ ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया। इसी कड़ी में कंचनपुर गांव में राउमावि के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य संजय कुमार मीणा ने मंत्री के समक्ष विद्यालय की दीवार निर्माण की समस्या रखी। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीवार का निर्माण जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अजय सिंह खर्रा,सरपंच सुनील जांगिड़,बनवारी लाल यादव किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रामदेव सिंह रोलानियां कल्याणपुरा, भाजपा कार्यकर्ता सीताराम बाडीगर अरनिया,पंचायत समिति सदस्य गोकुल मीणा,भवानी सिंह शेखावत जोरावर नगर , सरपंच कल्याणपुरा थोई पवन कुमार सांई ,सरपंच कोटडी बिमला झरवाल, संदीप सिंह भाजपा नेता मुंडरु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

कंचनपुर विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया,जहां विद्यार्थियों ने देशभक्ति और राजस्थानी गानों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मंत्री खर्रा ने विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के सहयोगी भामाशाहों को साफा और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने मंत्री को पारंपरिक बग्गी में बैठाकर समारोह स्थल तक ले जाकर उनका स्वागत किया। हरदाका वाली सड़क का शिलान्यास भी इस दौरे का मुख्य आकर्षण रहा। मंत्री खर्रा ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र को बेहतर ढांचा मिलेगा और लोगों की यातायात से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी। मंत्री ने नांगल नाथूसर से त्रिलोकपुर,आसपुरा मोड़ से डेरा वाली और सुरानी / सुरानी सड़क का शिलान्यास कर ग्रामीणों को सड़कों की सौगात दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन सड़कों से यातायात सुगम होगा और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने भारणी आवास पर जनसुनवाई की,जहां उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। मंत्री के साथ एसडीएम अनिल कुमार और तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा भी मौजूद रहे। जनसुनवाई में लोगों ने व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र समाधान के लिए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने मंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से यातायात और आधार भूत संरचना की समस्याओं का समाधान होगा। समारोह के दौरान मंत्री खर्रा ने कहा,हमारा लक्ष्य क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देना है। जनता की जरूरतों को पूरा करना ही हमारी पहली जिम्मेदारी है। शनिवार को इन कार्यक्रतमों में डीजे, बग्गी और घोड़ी के अनोखे नजारे देखने को मिले, जो इस अवसर को और भी खास बना गए। मंत्री के इन प्रयासों से क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।

आई.ई.डब्ल्यू. 2025 का आयोजन 11-14 फरवरी तक

मुंबई। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज मुंबई में कहा कि भारत ऊर्जा सप्ताह यानि इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2025 का आयोजन एक लाख वर्ग मीटर में फैला है। भागीदारी, प्रदर्शनी स्थल और सत्रों के संदर्भ में यह विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन होगा 11-14 फरवरी को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित होने वाले आईईडब्ल्यू 2025 में मंत्रियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों की अद्वितीय वैश्विक भागीदारी होगी, जो ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा। मीडिया से बातचीत करते हुए, पुरी ने आईईडब्ल्यू 2025 के दौरान आयोजित होने वाले स्वच्छ पाक कला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन पर प्रकाश डाला। भारत की अत्यधिक सफल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) ऊर्जा पहुंच से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक वैश्विक टेम्पलेट के रूप में मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम प्रणालियों को प्रदर्शित करते हुए केंद्र में रहेगी।

सार-समाचार

पार्क की दीवारों पर चित्रकारी के बजाय डंपिंग यार्ड पर करवाई

सांभरझील। सांभर में पर्यटन महोत्सव शुरू होने के एन वक्त पर विभाग की ओर से पूरे 1 साल बाद फिर से खुद की डंप पड़ी संपत्तियों की सुध ली तथा पर्यटको को आकर्षित करने के लिए प्रमुख चिन्हित जगहों पर चित्रकारी भी कार्रवाई। नगरपालिका ने सांभर शहर के मध्य स्थित नेहरू पार्क की खूबसूरती को निखारने के बजाय नरैना रोड पर स्थित डंपिंग यार्ड की दीवारों पर खूबसूरत चित्रकारी मंडवा दी। पर्यटन विभाग की ओर से सांभर परिक्षेत्र में बनवाई गई अनेक संपत्तियों का रंग रोशन और साफ-सफाई का काम करवाया। सांभर से फुलेरा तक 7 किलोमीटर की दूरी पर विगत एक साल से गहरे गड्ढे जिनको भरवाने के लिए कभी पीडब्ल्यूडी और न ही नगरपालिका की ओर से लाख मिन्नतें करने के बावजूद भी ठीक नहीं करवाया गया, लेकिन जैसे ही महोत्सव की शुरुआत होने को आई तो मंत्रियों के आगमन की सूचना पर आनंद-फानन में पेचवर्क का काम करवा कर सड़कों पर वाहनों को चलने लायक स्थिति में किया। सरकार रोजगार देने के लिए कटिबद्ध है लेकिन महोत्सव की आड़ में प्रशासन का डंडा फुटकर और ठेले थड़ी वालों पर भी चला, जो यहां पर अपना व्यवसाय कर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे, बेशक यह अतिक्रमण की परिभाषा में आता हो लेकिन यह लोग तो पहले से ही यहां अपना धंधा कर रहे थे तो स्थानीय पालिका प्रशासन के संज्ञान में क्यों नहीं आया और खुद एसडीएम ने इसकी जिम्मेदारी हटाने की उठाई। यहां तक की जिन निराश्रित पशुओं से आए दिन लोग चोटिल हो रहे थे, वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। अनेक दफा यहां के लोगों ने पशुओं को पकड़वाने के लिए पालिका से लिखित में और मौखिक अनुरोध किया, लेकिन कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई और जैसे ही बड़े अधिकारियों का या यूं कहे सरकार का दबाव पड़ा तो पालिका ने एक दो रोज में ही 30 से अधिक निराश्रित पशुओं को पकड़कर उन्हें गौशाला भिजवाया।

भामाशाह सम्मान समारोह मनाया

मनोहरपुर। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपचीखाना में वार्षिक उत्सव हर्षौल्लास से मनाया गया।कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों का साफा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया । इसी प्रकार तोपचीवाडा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सीताराम की अध्यक्षता व पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत के मुख्य अतिथित्य में वार्षिकोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम के दौरान सरकार स्कीम विद्यालय के टॉपर तीन बालक बालिकाओं को लैपटॉप भेंट किए गए।इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालक बालिकाओं के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई।इस दौरान हाजी सरदार बशीर खान वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विद्यालय में टॉपर रही दो लड़कियां व एक लड़के को 2100 रुपए का नगद पुरस्कार व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।वही भाजपा नेता सिद्धार्थ गुर्जर ने विद्यालय की कक्षा के लिए 10 कुर्सियां देने की घोषणा की गई। इस दौरान हाजी गफ्फार खान ने विद्यालय में 5 कुर्सियां भेंट करने की घोषणा की। वही अध्यक्ष शहीद चौहान ने बालक बालिकाओं को नगद पुरस्कार भेंट किया।

अवैध मीट की दुकानें करवायी बंद

पावटा। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा ने गुरुवार को पावटा कस्बे के नहर रोड पर बड़ा अभियान चलाकर अवैध रूप से चल रहे कैफे और गेस्ट हाउस को सील कर दिया। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा ईओ फतेह सिंह मीणा ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में काफी दिनों से इसकी शिकायत मिल रही थी। जांच के लिए पहुंचे पालिका अमले को शिकायत सही मिली। जिस पर तत्काल कार्रवाई कर सील किया गया। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा ईओ फतेह सिंह मीणा ने बताया कि पावटा कस्बे के नहर रोड पर आए दिन बिना अनुमति के चल रहे कैफे व गेस्ट हाउस की शिकायतें पालिका को मिल रही थी। यहां पर कैफे के नाम पर कारोबार किया जा रहा था। शिकायत पर ईओ फतेह सिंह मीणा ने टीम को जांच के लिए भेजा। इस दौरान सभी कैफे व गेस्ट हाउस संचालक से संचालन की अनुमति संबंधी दस्तावेजों की मांग की। कैफे व गेस्ट हाउस संचालन से संबंधित किसी के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसलिए पालिका ने एक कैफे व एक गेस्ट को सील कर दिया। वहीं पावटा कस्बे मे अवैध मीट की दुकानें और बूचड़खाने पर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने कार्यवाही करते हुए बंद करवाया।

छात्राओं ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली

राजगढ़। कस्बे के बांदीकुई मार्ग स्थित कल्पना चावला पीजी गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा रैली निकाली। इस रैली को बृजेंद्र सिंह बबेली अध्यक्ष अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ अलवर एवं निदेशक डी एस नरूका ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी हंसराज वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस महाविद्यालय परिसर पहुंची। वाहन चालकों को रोक कर सड़क सुरक्षा के नियम भी बताएं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में निदेशक नरूका ने उपस्थित छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में यातायात के नियम बताएं। कार्यक्रम में डॉ सावित्री सिंह, मोहनलाल गुप्ता, ओमी एवं मधु सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

'संगठन के प्रति निष्ठा के साथ करें कार्य'

कोटपूतली। वि